# होमोपेथिक उपचार के लिये आवश्यक जानकारी

## लिखित जानकारी देने के लिये निर्देश

### -: भूमिका :-

१) होमोपेथिक दवाई मालूम करने के लिये बहुत जानकारी देने की आवश्यकता होती है जैसे,

अ) शिकायते.

(क) प्रमुख एवं

(ख) गौण

ब) और रूग्ण का निजी व्यक्तित्त्व.

२) अधुरी जानकारी से सही दवाई मालूम करने में बहुत कठिनाई होती है । इसीलिये आपसे अनुरोध है कि आप सारी जानकारी ठीक-ठीक दें, भले ही कोई बात आपकी दृष्टि में अनावश्यक ही क्यों हो । आपकें द्वारा दी हुई जानकारी के आधार पर ही आपसे पूछ-ताछ करने की रुपरेखा निर्धारित की जायेगी, जिससे आपको अपनी परेशानियों को समझने एवं दूर करने में आपकी सहायता की जा सके । इसलिये आपसे पूर्ण सहयोग की अपेक्षा की जाती है । **आप विश्‍वास रखें कि आपके द्वारा दी गई जानकारी को हम अपने तक ही सीमित रखेंगे ।**

३) चूँकि पूछ-ताछ में अधिक समय लग सकता है और हमें बहुत सारी जानकारी लेनी होती है, हम इस जानकारी को एक विशिष्ट तरीके से लिख लेते हैं । कई बार आपकी परीक्षा ले सकते हैं जिसमे आपको कुछ और लिखना होता है । आपकी सहूलियत को ध्यान में रखते हुये हम एक विशिष्ट तरीके को अपनाते हैं जिसमें आपकी प्रारम्भिक जाँच एक डॉक्टर करता है । जो इस तरह के कार्यों की विशेष जानकारी रखता है । जब आपके द्वारा दी गई जानकारी का लेखा (केस रेकॉर्ड) तैयार हौ जाता है, और इसका परीक्षण किया जाता है कि दी गई जानकारी दवाई देने के लिये उपयुक्त है या अभी और पूछ-ताछ की आवश्यकता है तो आपको किसी और दिन मिलने का समय दिया जायेगा जिससे आपके उपचार की उचित रूपरेखा तैयार की जा सके ।

४) हमें पूर्ण विश्‍वास है कि आप हमें पूर्ण सहयोग देंगे जिससे आपका योग्य उपचार किया जा सके ।

कृपया निम्नलिखित जानकारी दें ।

पुरा नाम: जन्म तारीख: लिंग: अविवाहित / विवाहित (कब से ) / विधवा / विधुर (कब से) / तलाकशुदा (कब से) / धर्म / जाति / शाकाहारी / मांसाहारी / अण्डे: आदतें: तम्बाकू खाना / पीना, चॉय, कॉफी, बियर, शराब; तपकीर; (कृपया कितनी मात्र में लेते हैं लिखें) इत्यादि ।

आपकी पढ़ाई-लिखाई किस ढंग से हुई, कौन-कौनसी परीक्षाएँ दी एवं प्राप्त सफलतायें ।

**कार्य :** वर्तमान एवं भूतकालीन । कृपया अपनी जिम्मेदारियों का ब्योरा दीजिये (प्रत्येक कार्यस्थल पर) । क्या आप अपने कार्य से / दी गई जिम्मेदारीयों से संतुष्ट थे या है ?

कार्य स्थल का पता, टेलीफोन नंबर दीजिये । आपके घर का पता एवं टेलीफोन नम्बर दीजिए ।

वर्तमान घरेलू जिन्दगी का विवरण - घरके प्रत्येक व्यक्ति के बारे में जानकारी दीजिये जैसे, - उम्र, उनका स्थान, क्या काम करते है, उनके और आपके आपसी व्यवहार एवं उनकी जिम्मेदारीयाँ । कृपया अपनी अनुक्रमणिका (सूची) में स्वर्गवासी सदस्यों के नाम भी लिखें, मृत्यु के समय उनकी उम्र, साल, व मृत्यु का कारण ।

आपका दैनिक गतिविधियाँ, सुबह उठने से लेकर रात्रि को सोने तक, सविस्तार लिखे । इसमे आप अपने भोजन की आदतों के बारे में भी लिखे जैसे, क्या खाते हैं, कितनी बार खाते हैं, कितनी मात्रा में खाते हैं इत्यादि ।

आपकी आर्थिक हात, जिम्मेदारियाँ, व मजबूरियाँ (वर्तमान एवं भूतकालीन) आपकी कठिनाईयाँ: कार्यस्थल पर / घर में / समाज में / कृपया सारी बातें ठीक-ठीक एवं सविस्तार लिखें ।

## प्रमुख शिकायत

जिससे आपको सबसे ज्यादा तकलीफ होती है उस शिकायत के बारे में सविस्तार लिखिये । प्रत्येक तकलीफ के बारे में निम्न-लिखित जानकारी दें ।

(१) तकलीफ कब से शुरू हुई, कैसे शुरू हुई, किस तरह बढ़ी एवं फैली तथा जो उपचार किया और उसका परिणाम, यह सविस्तार लिखिये । इससे निम्न-लिखित संबंधी पूर्ण जानकारी मिलनी जाहिये :

अ) तकलीफ का क्षेत्र : स्थान विशेष जहाँ तकलीफ है, वहाँ से लेकर कहाँ तक तकलीफ होती है, किस दिशा में उसका फैलाव है तथा शुरु से लेकर आज तक तकलीफ के बारे में पूर्ण जानकारी दें ।

ब) संवेदना जो तकलीफ के क्षेत्र में महसूस होती है ।

क) परिस्थितीयाँ जिनमें तकलीफ हुई : उन परिस्थितीयों का आवलोकन कीजिये जो तकलीफ शुरू होने के समय या उससे कुछ पहले थी । अपनी शारीरिक एवं मानसिक (भावनात्मक पहलू) स्थितियों पर भी प्रकाश डालिये ।

ड) परिस्थितीयाँ जिनमें तकलीफ कम या ज्यादा होती हैं

इ) अन्य तकलीफें जों प्रमुख तकलीफ के साथ उसी समय होती हैं । जैसे-पसीना / मितली / उलटी / वायु का दर्द के साथ होना ।

## अन्य शिकायतें

यहाँ पर अन्य सभी तकलीफों का सविस्तार विवरण कीजिये जो आपको अभी हैं या पहले कभी हुई थी। प्रत्येक तकलीफ के बारे में पूर्ण जानकारी उसी प्रकार दे जैसा कि प्रमुख शिकायत के नीचे लिखा है।

हमारी सहलियत के लिये आपसे अनुरोध है कि आप दिये गये निर्देशों का पालन करें। प्रत्येक पृष्ठ को क्रमांक दें।

## व्यक्तिगत जानकारी

निम्नलिखित संबंधी पूर्ण जानकारी दें।

१) आपकी शारीरिक बनावट का विवरण (आपकी उंचाई वजन) आपकी भावनात्मक प्रकृति, बौद्धिक सफलतायें एवं महत्वाकांक्षायें। आप उनमें किस हद तक सफलता प्राप्त कर सके हैं।

२) परिवार के सदस्यों /मित्रों / अन्य परिचितों के साथ के अपने संबंधों का सही चित्रण करें। आप अपनी जिम्मेदारीयों के बारे मे लिखें और आप उन जिम्मेदारियों के बारे में क्या महसूस करते है, सविस्तर लिखें।

३) अन्य प्रतिक्रियायें - निम्नलिखित चीजों के बारे में आपकी क्या आदतें है। कौनसी परिस्थितीयों का आपपर असर होता हैं।

अ) भोजन-जों अच्छा लगता है या नहीं अच्छा लगता है (अन्न, पेय); वह भोजन जिससे आपको तकलीफ होती है इत्यादी।

ब) साधारणत: प्रकृति-मौसम तापमान, स्नान (गर्म: ठंडा) मनोरंजन, आदतें (सिगरेट, शराब, चाय, काफी)।

क) नींद एवं स्वप्न।

ड) मैथुन (मासिक धर्म एवं गर्म संबंधी जानकारी सहित)।

## भूतकालीन बीमारियाँ

अपनी पिछली बीमारियों के बारे में क्रमानुसार लिखिये और आपकी राय में उनका आपकी वर्तमान तकलीफों से संबंध बताइये।

## पारिवारिक जानकारी

आपके माता, पिता, भाई-बहनों और बाबा, आजी, नाना, नानी के स्वास्थ्य के विषय मे संक्षेपसे बतलाईये। आपके पति / आपकी पत्नी एवं बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में लिखिये।

## अन्य जानकारी

यहाँ आप उन चीजों के बारे में बतलाये जो आप ऊपर नहीं लिख पाये है।

## अनुबद्धित

१) आप के स्वास्थ्य के बारे में आपके पारिवारिक डॉक्टर की राय व वैद्यकीय जानकारी पत्र (Medical Report)।

२) अन्य जाँच-पत्र (Investigation Report) की प्रतियाँ।

३) क्ष-किरण या इलेक्ट्रो-कार्डियोग्राम इत्यादि। (X-Ray)।

